टाइम्स पैशन ट्राइबल ट्रेल एवं ताज ट्राइबल फूड फेस्टिवल

चर्चा में क्यों?

8 मार्च, 2022 को राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने मध्य प्रदेश पर्यटन, टाइम्स ऑफ इंडिया और ताज ग्रुप द्वारा आयोजित टाइम्स पैशन ट्राइबल ट्रेल एवं ताज ट्राइबल फूड फेस्टिवल का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री मीना सिंह ने कहा कि जनजातीय समाज के शिल्प, कला और खाद्य पदार्थों की उचित विपणन व्यवस्था के प्रयास की दिशा में यह आयोजन एक सार्थक पहल है।
- ताज ग्रुप की जनरल मैनेजर कनिका हसरत ने बताया कि जनजातीय समाज के रहन-सहन और खान-पान का गहन अध्ययन, शोध और प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का परिणाम इस फूड फेस्टिवल का आयोजन है।
- इस अवसर पर लोक कलाकार पद्म विभूषण से सम्मानित छत्तीसगढ़ की पंडवानी गायिका डॉ. तीजन बाई द्वारा अपने विशिष्ट वेग और संप्रेषण के द्वारा महाभारत के दु:शासन वध के प्रसंग को प्रस्तुत किया गया।
- समारोह में अनूपपुर की ज़िलाधिकारी सोनिया मीणा ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल को 'अनूपपुर फूड कल्चर एवं टूरिज़्म' पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/times-passion-tribal-trail-and-taj-tribal-food-festival